संचिका संख्या–01/स्था०राज०–104/2026– 411

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन,
अवर सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 20 फरवरी, 2026

विषय :– **श्री अभय कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, हरिनगर कार्यालय सहायक निदेशक, ईख विकास, बगहा का दिनांक–04.10.2025 से 16.12.2025 तक प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 के क्रमांक–51 द्वारा बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) समूह 'ख' (मूल कोटि) के पदाधिकारी श्री अभय कुमार, की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौपी गयी। श्री कुमार को वरीय सहायक निदेशक–सह–सत्र समन्वयक बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान का पत्रांक–6932 दिनांक–03.10.2025 के द्वारा दिनांक–04.08.2025 से 03.10.2025 तक प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत बिपार्ड, गया द्वारा दिनांक–03.10.2025 के अपराह्न में विरमित किया गया है। श्री कुमार द्वारा दिनांक–06.10.2025 के पूर्वाह्न मे गन्ना उद्योग विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1939 दिनांक–16.12.2025 द्वारा श्री अभय कुमार को सहायक निदेशक ईख विकास, हरिनगर कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, बगहा के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री कुमार के द्वारा सहायक निदेशक, ईख विकास, हरिनगर का दिनांक–17.12.2025 के पूर्वाह्न में स्वतः प्रभार ग्रहण किया गया।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में **श्री अभय कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, हरिनगर कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, बगहा** का दिनांक–04.10.2025 पारगमन काल के रूप में, दिनांक–05.10.2025 रविवारिय अवकाश एवं दिनांक–06.10.2025 से 16.12.2025 तक पदस्थापन की अनिवार्य प्रतिक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

Raje 20/02/26
अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–104/2026– 411 **/पटना, दिनांक–** 20 **फरवरी, 2025**

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Raje 20/02/26
अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–104/2026– 411 **/पटना, दिनांक–** 20 **फरवरी, 2025**

प्रतिलिपि– सहायक निदेशक, ईख विकास, बगहा/श्री अभय कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, हरिनगर कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास बगहा/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Raje 20/02/26.
अवर सचिव।